भारत सरकार
रक्षा मंत्रालय
भूतपूर्व सैनिक कल्याण विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 696
26 जुलाई, 2024 को उत्तर के लिए

वन रैंक वन पेंशन की देय धनराशि

696. श्री सचिदानन्दम आर :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार का वर्ष 2014-19 और 2019-24 के दौरान भूतपूर्व सैनिकों को दी गई वन रैंक वन पेंशन की देय धनराशि किस्त में वितरित करने के स्थान पर 1 जुलाई, 2024 से मासिक आधार पर जारी/संवितरित करने का कोई प्रस्ताव है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

उत्तर
रक्षा मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री संजय सेठ)

(क) से (ग): सरकार ने वन रैंक वन पेंशन योजना के अन्तर्गत दिनांक 01.07.2024 से सशस्त्र सेना कार्मिकों के लिए पेंशन में संशोधन संबंधी प्रस्ताव को मंजूरी प्रदान कर दी है । इस निर्णय के अनुसार बकाया राशि का भुगतान एक वित्तीय वर्ष के अन्दर किया जाएगा ।

****